# मुझे आत्मा दिखती थी और उनकी बातें सुनाई देती थी: नायरा बनर्जी



टेलिविजन पर इन दिनों डायन-चुड़ैल, तंत्र-मंत्र वाले सुपरनैचरल शोज का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में अब एक नया शो दिव्य-दृष्टि शामिल हो गया है। स्टार प्लस का यह शो दो बिछड़ी हुई बहनों दिव्या और दृष्टि पर आधारित है, जिनमें से एक दृष्टि को भविष्य में आने वाले संकट पहले ही दिख जाते हैं, वहीं दिव्या उन संकटों को अपनी शक्ति से दूर कर सकती है।

खास बात यह है कि इस सीरियल में दिव्या का रोल निभा रहीं ऐक्ट्रेस नायरा बनर्जी के मुताबिक, उन्हें असल जिंदगी में खुद भविष्य में होने वाली चीजें दिखाई देती थीं। कमाल, धमाल, मालामाल और वन नाइट स्टैंड जैसी हिंदी फिल्मों सहित साउथ की कई फिल्में कर चुकीं नायरा का कहना है, करीब पांच-छह साल पहले तक मुझे भविष्य में होने वाली चीजें दिखाई देती थीं। आप यकीन नहीं करेंगे, लेकिन यह सच है। मेरी फैमिली में दादा जी के जमाने से ही स्पिरिचुऐलिटी की ओर सबका रुझान रहा है। पांच-छह साल पहले तक की बात है, जब मुझे ऐसे विज़न आते थे। तब हम महाकाली, अंधेरी ईस्ट में रहते थे। मेरी आदत थी कि मैं रात साढ़े 12 से 1 बजे तक अपनी खिड़की पर बैठती थीं। तब मुझे आत्मा दिखती थी और उनकी बातें सुनाई देती थी। ऐसे ही एक दिन मुझे पता चला कि किसी का मर्डर हुआ है। मैंने अपनी मॉम को बताया, तो वह नहीं मानी। फिर, दो दिन बाद पेपर में आर्टिकल आया, तो मेरी मॉम घबरा गई थीं। उन्होंने कहा कि ये खिड़की पर बैठना-वैठना बंद करो। पांच-छह पहले मेरा बहुत खतरनाक ऐक्सिडेंट हुआ था, उसके बाद से ये विजन आने बंद हो गए। उन्होंने कहा, मेरी मॉम का कहना है कि मेरी थर्ड आई बंद हो गई, जो हमारी पिट्यूटरी ग्लैंड के पास होती है। ये सब चीजें हमारे देश में रही हैं। हमारे पुराने ऋषि लोग ध्यान से बहुत कुछ कर लेते थे। हालांकि, जो नहीं मानते, उनके लिए यह फैंटसी है।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



# दीपिका के नाम मेघना गुलजार ने लिखा इमोशनल नोट

बॉलीवुड की जानी मानी निर्देशक मेघन गुलजार ने दीपिका पादुकोण के नाम इमोशनल नोट लिखा है। दीपिका जल्द ही मेघना की फिल्म छपाक की शूटिंग शुरू करेंगी। दीपिका के इस फिल्म का हिस्सा बनने से मेघना काफी खुश हैं। उन्होंने हाल ही में दीपिका के नाम एक इमोशनल नोट लिखा और बताया कि उन्हें उम्मीद ही नहीं थी कि वह इस प्रोजेक्ट के लिए हामी भरेंगी लेकिन जो हुआ उसने मेघना का पल भर में दिल जीत लिया।

अपने नोट में मेघना ने बताया कि दीपिका से जब उन्होंने मिलने के लिए कहा, वह पल उनके लिए बेहद खास था। उन्होंने कहा, दीपिका से मिलना नसीब की बात थी। उनसे मुलाकात से पहले मेरे मन में कई तरह के ख्याल चल रहे थे कि शायद मैं उनके लिए जिस तरह की फिल्म का ऑफर लेकर जा रही हूं, उसे वह करने को तैयार न हों और वह वास्तव में तैयार नहीं थीं। लगातार तीन इंटेंस फिल्में करने के बाद वह अब लाइटर मूड की फिल्में करना चाहती थीं। लेकिन मेरे पास उनके लिए लाइट और रोमांटिक स्क्रिप्ट नहीं थी। मेरी फिल्म की कहानी तो ऐसी महिला की थी जिसने जीवन में आई चुनौती को अपनी ताकत और हिम्मत से मात देती है।

मेघना ने बताया कि दीपिका इस किरदार के लिए उन्हें परफेक्ट लगी थीं। स्क्रिप्ट सुन दीपिका ने पल भर में ही फिल्म, किरदार और मुझे स्वीकार कर लिया। उन्होंने मजाक में कहा कि वह इस किरदार को इसलिए करने के लिए तैयार हुईं क्योंकि उन्हें एक सीन में लाल मिर्च और नमक के साथ कैरी खाने का मौका मिलेगा। गौरतलब है कि मेघना की फिल्म छपाक एसिड अटैक पीड़िता लक्ष्मी की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म में दीपिका लक्ष्मी के रोल में नजर आएंगी।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# पायल घोष ने छोड़ी धूम्रपान



'पटेल की पंजाबी शादी' की अभिनेत्री पायल घोष ने धूम्रपान छोड़ दिया है। पायल अपनी अगली फिल्म 'जय माता दी' में एक देवी के किरदार में नजर आएंगी जिसका निर्देशन 'मिक्की वायरस' के निर्देशक सौरभ वर्मा करेंगे।

पायल ने योग का अभ्यास शुरू किया है। उनके प्रशिक्षक ने उन्हें योग जारी रखने के लिए धूम्रपान नहीं करने की सलाह दी है।

शुरुआत में उनके लिए धूम्रपान छोड़ना मुश्किल था लेकिन जल्द ही बेहतर स्वास्थ्य के लिए वह धूम्रपान छोड़ने में सफल रहीं।

पायल ने एक बयान में कहा, ''मैंने दो महीने से सिगरेट नहीं छू है। मैं तरोताजा महसूस करती हूं और मेरा शरीर योग और वर्कआउट पर बेहतर तरीके से प्रतिक्रिया दे रहा है। मैं सभी से धूम्रपान छोड़ने का आग्रह करती हूं।''

## जब रणवीर सिंह ने करीना कपूर से पूछा, कैसे बनें टॉप पति?

करीना कपूर खान इस समय फिल्मों में काम करने के अलावा एक रेडियो शो भी होस्ट करती हैं जहां सिलेब्रिटीज उनसे विभिन्न मुद्दों पर बात करते हैं और करीना उन्हें दिलचस्प जवाब भी देती हैं।

वैसे करीना इस समय अपनी अगली फिल्म गुड न्यूज की शूटिंग कर रही हैं जिसमें उनके ऑपोजिट अक्षय कुमार दिखाई देंगे। इसी बीच रणवीर सिंह ने उनसे दिलचस्प सवाल पूछा है।

रणवीर ने एक विडियो के जरिए करीना से कॉन्टैक्ट किया और उनसे कहा कि आखिर करीना ने उन्हें अपने शो पर क्यों नहीं बुलाया। इसके बाद उन्होंने करीना से एक खास सवाल भी पूछा। रणवीर ने करीना से कहा कि उन्होंने अभी-अभी दीपिका से नई-नई शादी की है तो उन्हें कुछ टिप्स चाहिए। उन्होंने करीना से पूछा कि क्या वह बता सकती हैं कि कैसे टॉप पति बना जा सके।

करीना का दिलचस्प जवाब:

करीना ने इसके जवाब में कहा कि रणवीर को ऐसी किसी भी टिप्स की जरूरत नहीं है क्योंकि सभी लोग जानते हैं कि वह दीपिका से कितना प्यार करते हैं और इस कपल की केमिस्ट्री को सभी लोग बेहद पसंद करते हैं और उन्हें साथ देखकर खुश होते हैं।

हालांकि करीना ने इस मामले पर एक रणवीर को जादुई टिप्स भी दी है। इस टिप्स में करीना ने उनसे कहा कि किसी भी पति-पत्नी के बीच बेहतर रिश्ता स्थापित करने के लिए एक-दूसरे को स्पेस दिया जाना जरूरी है।

ऐसा करने से जिंदगी में सभी चीजें बेहतर तरीके से होती हैं। खैर, करीना की सलाह तो अपनी जगह सही है और ऐसा लगता है कि रणवीर पहले से इस सलाह को मानते होंगे।